हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

11 विष्णु देव सरकार का सुशासन एनएचएम...



12 भागवत कथा का श्रवण करने पहुंचें विधायक...





# धान परिवहन की धीमी रफ्तार से खरीदी केंद्रों में बंपर स्टाक, जगह संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

राइस मिलर्स की हड़ताल खत्म होने से अब धान परिवहन कार्य में तेजी आने की बात कही जा रही है, लेकिन वर्तमान समय में जिले के अधिकांश उपार्जन केन्द्रों में खरीद कर रखे गये धान के उठाव की धीमी रफ्तार के चलते जाम की स्थिति बनी हुई है। जिले में 129 साख समितियों द्वारा संचालित 166 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 19 दिसंबर तक 37 लाख 3 हजार 668 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसमें से महज 6 लाख 57 हजार 854 क्विंटल यानि 18 प्रतिशत धान का परिवहन हो पाया है तथा 30 लाख 45 हजार 814 क्विंटल धान परिवहन नहीं हो पाने के कारण उपार्जन केन्द्रों में पड़ा हुआ है।



जिले में धान उठाव की धीमी रफ्तार तथा उपार्जन केन्द्रों में जाम की स्थिति निर्मित होने के चलते जिला प्रशासन द्वारा धान परिवहन कार्य की रफ्तार बढ़ाने की लगातार जारी कोशिश के बावजूद रोहांसी बैंक शाखा अंतर्गत संचालित 7 उपार्जन केन्द्र से गुरुवार तक खरीदी किये जा चुके धान का महज 8 प्रतिशत ही परिवहन हो पाया है। जबकि जिले में टुण्ड्र बैंक शाखा अंतर्गत संचालित 12 उपार्जन केन्द्रों से सर्वाधिक 28 प्रतिशत धान परिवहन हुआ है।

## खरीदी केंद्र में किसानों का हुआ सम्मान

**भवानीपुर।** क्षेत्र के प्राथमिक शाख सहकारी संस्था में किसानों का सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में वटगन सोसाइटी में पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी एवं भाजपा मंडल संडी अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर क्षेत्र के किसानों का गुलाल लगाकर, गमछा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं विष्णुदेव साय ने किसानों के हितों में अनेक योजनाओं का संचालन करते हुये किसान सम्मान निधि के तहत 6 हजार रुपये, 21 क्विंटल धान खरीदी के साथ 3100 रुपये का समर्थन मूल्य प्रदान कर किसानों को सशक्त और मजबूत बनाने जा काम कर रही है। इस अवसर पर ⏩ शेष पेज 11 पर



## खबर संक्षेप

### राऊत नाच व डांस प्रतियोगिता कल

**मुंडा।** ग्राम पंचायत कोलिहा में इस वर्ष भी राज्य स्तरीय राऊत नाच व डांस प्रतियोगिता का आयोजन 21 दिसम्बर को रखा गया है। रावत नाच व डांस प्रतियोगिता का कार्यक्रम लवन के आसपास क्षेत्र कोलिहा में पहली बार रखा गया है, जिसके चलते कोलिहा के आसपास क्षेत्र में काफी उत्साह देखा जा रहा है और आयोजक नवयुवक जन जागरण समिति द्वारा कार्यक्रम शांतिपूर्वक सफल बनाने की लोगों से अपील की रही है।

### प्रेग्नेंसी के दौरान दिलाई मुख्य परीक्षा, डिलीवरी के 20 दिन बाद बनी जज

**महासमुंद।** बिलासपुर निवासी पूजा पटेल ने सिविल जज 2023 की परीक्षा में 25 वाँ रैंक प्राप्त किया है, जिसके लिए प्रेग्नेंसी के दौरान परीक्षा की तैयारी की। उन्होंने बताया कि प्रेग्नेंसी के 7वें माह में मुख्य परीक्षा में बैठी थी और डिलीवरी के 20 दिन बाद इंटरव्यू दिलाया और सिविल जज में चयनित हुई। उनका कहना है कि डिलीवरी में 12 टांके लगे थे फिर भी पूरे आत्मविश्वास के साथ इंटरव्यू देने इंटरव्यू पैनल के सामने पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनके पिता स्व. नृत्यंजय पटेल भी जज थे, उन्हीं का सपना था कि मैं जज बनूं और वर्तमान में पति विनय कुमार साहू सराईपाली जिला महासमुंद में जज के रूप में पदस्थ हैं, जिनका मार्गदर्शन हमेशा साथ रहा। उनकी मां गृहिणी हैं, सास लेक्चरर और ससुर शासकीय शिक्षक हैं। तैयारी के दौरान पूरे परिवार का सहयोग मिलता रहा था, उनकी सफलता से पूरे परिवार में खुशी की लहर है।

### मरार पटेल समाज की बैठक 25 को

**नर्रा।** कोसरिया मरार पटेल समाज महासमुंद जिलाध्यक्ष के आदेशानुसार कार्यकारिणी की बैठक 25 दिसंबर दिन बुधवार को सितलीनाला स्थित सामाजिक भवन दोपहर 12:30 बजे रखी गई है। बैठक में समस्त राज अध्यक्ष एवं राज सचिव की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में अनेक बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी ललित पटेल ने महासमुंद जिले के समस्त पदाधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### शराब पिलाने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों के खिलाफ अवैध शराब पिलाने के मामले में कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम आंवराडबरी में मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सबेरा बाई नेताम के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया। वहीं, ग्राम आंवराडबरी के गौठान के पास चखना ठेला में अवैध रूप से शराब पिलाने का साधन उपलब्ध कराते शोभा बाई मरकाम को पकड़ा। इसी तरह ग्राम बीकेबाहरा में एनएच 353 रोड बजरंगबली मंदिर के पास चखना ठेला में बाबूराम गोंड अवैध रूप से शराब पीने-पिलाने का साधन उपलब्ध करा रहा था, जिसे पुलिस ने पकड़ा।

## चुनाव : बलौदाबाजार नगर पालिका के वार्डों की आरक्षण प्रक्रिया पूरी

# 21 में से 7 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

0आगामी नगरीय निकाय चुनाव के लिए गुरुवार को कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में पार्षद चुनाव हेतु वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधीश दीपक सोनी भी उपस्थित थे। बलौदाबाजार नगर पालिका अंतर्गत 21 वार्डों में के लिए घोषित आरक्षण परिणाम के अनुसार 7 वार्ड अनारक्षित, 3 वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग, 3 वार्ड अनुसूचित जाति तथा 1 वार्ड अनुसूचित जन जाति के लिए आरक्षित घोषित किये गये हैं। इसके अलावा 2 वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग महिला 1 वार्ड अनुसूचित जाति महिला तथा 4 वार्ड अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित घोषित किया गया है।

इसमें वार्ड क्रमांक 1 स्वामी विवेकानंद वार्ड -अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 2 शहीद सुशील कुमार मसीह वार्ड- अनुसूचित जनजाति, वार्ड 3 सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड-अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 4 संजय गांधी वार्ड-अनारक्षित महिला, वार्ड 5 वीर शिवाजी वार्ड- अनारक्षित वार्ड 6 इंदिरा गांधी वार्ड- अनारक्षित, वार्ड 7 राजीव गांधी वार्ड भाग एक-अनुसूचित जाति, वार्ड 8 गुरूनानक देव वार्ड-अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड 9 गुरू घासीदास वार्ड-अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड 10 लालबहादूर शास्त्री वार्ड- ⏩ शेष पेज 11 पर

### कलेक्टोरेट से आरक्षण की सूची जारी




### नगर पालिका चुनाव के लिए 15 वार्ड अनारक्षित

भाटापारा। छत्तीसगढ़ नगर पालिका नियम 1994 के प्रावधान अनुसार नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत निर्वाचन 2024 के लिए वार्डों में अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं का आरक्षण विहित प्राधिकारी द्वारा गुरुवार 19 दिसम्बर को न्यायलय कलेक्टर बलौदाबाजार भाटापारा में किया गया। इसमें नगर पालिका परिषद भाटापारा के 31 वार्डों की आरक्षण सूची कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा जारी की गई है। जारी सूची में वार्ड क्रमांक 1 श्यामा प्रसाद मुखर्जी – अनारक्षित, 2 हथनीपारा वार्ड– अन्य पिछड़ा वर्ग(महिला), 3 महावीर वार्ड– अनारक्षित(महिला), 4 सुभाष वार्ड– अनारक्षित( महिला), वार्ड 5 स्व. ईश्वरी प्रसाद धुरंधर वार्ड– अनारक्षित(महिला), वार्ड 6 शक्ति वार्ड– अनुसूचित जाति एससी, वार्ड 7 नयापारा वार्ड– आरक्षित, वार्ड 8 परशुराम वार्ड– अनारक्षित, वार्ड 9 दाउ कृष्ण कुमार वार्ड–अनारक्षित, वार्ड 10 गांधी मंदिर वार्ड– अनारक्षित, वार्ड 11 शंकर वार्ड– अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड क्र 12 सदर वार्ड– अनारक्षित, वार्ड 13 संजय वार्ड– अनारक्षित, वार्ड 14 नेहरू वार्ड– अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड 15 नयागंज वार्ड– अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड 16 भगत सिंह वार्ड– अनुसूचित जाति (महिला), वार्ड 17 महासती वार्ड– अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड 18 संतमाता कर्मा वार्ड– अनुसूचित जनजाति, वार्ड 19 बलभद्र वार्ड अन्य– पिछड़ा वर्ग(महिला), वार्ड 20 गुरुनानक वार्ड – अनुसूचित जाति, वार्ड 21 संतरविदास वार्ड– अनुचित जनजाति(महिला), वार्ड 22 रामसागर वार्ड– अन्य पिछड़ा वर्ग, वार्ड 23 मुशी इस्माईल वार्ड– अनारक्षित, वार्ड 24 शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड– अनुसूचित जाति, वार्ड 25 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड– अनुसूचित जाति, वार्ड 26 मातादेवालय वार्ड – अनारक्षित, वार्ड 27 बजरंग वार्ड – अनारक्षित, वार्ड 28 स्टेशन वार्ड– अनारक्षित(महिला), वार्ड 29 पं. दिनदयाल उपाध्याय वार्ड– अनुसूचित जाति(महिला), वार्ड 30 संतकंवर राम वार्ड–अनारक्षित और वार्ड क्रमांक 31 शहीद हेमू कल्याणी वार्ड– अनारक्षित(महिला) शामिल हैं।

### सिमगा में 5 वार्ड अनारक्षित

**बलौदाबाजार।** नगर पालिका परिषद सिमगा वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5 अनारक्षित, 6,12 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 7, 8, 9 अनारक्षित महिला, 10 अनुसूचित जाति, 11,13,14,15 अन्य पिछड़ा वर्ग शामिल है। नगर पंचायत लवन वार्ड क्रमांक 1, 2, 4, 7, 8 अनारक्षित, 3, 6, 13 अनुसूचित जाति, 9 अन्य पिछड़ा वर्ग, 10,12 अनारक्षित महिला, 11 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 14, 15 अनुसूचित जाति महिला शामिल है।

### नगर पंचायत कसडोल

इसी तरह नगर पंचायत कसडोल वार्ड क्रमांक 1, अनुसूचित जाति, 2, 10, 15 अनारक्षित महिला, 3, 8, 9, 12, 14 अनारक्षित, 4, 7, 11 अन्य पिछड़ा वर्ग, 13 अनुसूचित जाति महिला, 6 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 5 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है।




### नगर पंचायत रोहासी

नगर पंचायत रोहासी वार्ड क्रमांक 1 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 2, 7, 9, 13, 14, अनारक्षित, 5, 8, 12 अन्य पिछड़ा वर्ग, 3, 4, 6, अनारक्षित महिला, 10 अनुसूचित जाति, 11 अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित है। ⏩ शेष पेज 11 पर

### नगर पंचायत टुंडरा

नगर पंचायत टुंडरा वार्ड 1, 2 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 4 अनारक्षित महिला, 3, 5 अनारक्षित, 6 अनुसूचित जाति, 7 अनारक्षित महिला, 8 अनुसचित जाति महिला, 9, 10, 11, 13, अनारक्षित, 12, 14, 15 अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। नगर पंचायत पलारी के लिए वार्ड क्रमांक 1, 6, 9, 14,15 अनारक्षित, 2, 5, 10, अन्य पिछड़ा वर्ग, 4, 11, 12 अनारक्षित महिला, 3 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, 7 अनुसूचित जाति, 8 अनुसूचित जाति महिला, 13 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित किया गया है।

## महानदी में डूबने से बुजुर्ग की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

समीपस्थ ग्राम पंचायत में गुरुवार सुबह 10 बजे के आसपास गांव का बुजुर्ग सम्पत पटेल पिता बनाऊ 90 वर्ष कपड़ों एवं चप्पल को नदी किनारे रखकर नहाने के लिए गया और वापस नहीं आया। कुछ घंटों बाद परिजनों ने नदी घाट पर खोजबीन की और बुजुर्ग के कपड़े और चप्पल के माध्यम से शिनाख्त की, जिसमें बुजुर्ग सम्पत पटेल की लाश महानदी में मिली। घटना की जानकारी परिजनों ने गिधौरी थाने में दर्ज करायी, जहां गिधौरी पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना स्थल पहुंची और महानदी से बुजुर्ग की शव को बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए कसडोल भेजा। पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### जिले के प्रकरणों की सुनवाई आज

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं आयोग सदस्यों के द्वारा जिले के प्रकरणों की सुनवाई 20 दिसम्बर को की जाएगी। सुनवाई प्रातः 11 से संध्या 5 बजे तक जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में होगी।

## विस में कविता ने उठाया बिलाईगढ़ क्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

■ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मंत्री अरुण साहू ने दिया जवाब



बिलाईगढ़ का डंका छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र में बजने लगा है। विधायक कविता प्राण लहरे ने अपने क्षेत्र में नल जल योजना और सड़कों की खस्ताहालत का मुद्दा उठाया। विधायक ने कहा कि बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में नल जल योजना के तहत बनाई जा रही, पानी टंकियों का निर्माण गुणवत्ताविहीन है। इसके अलावा, ठेकेदारों द्वारा सड़कों, गलियों और चौक–चौराहों की खोदाई के बाद कार्य को अधूरा छोड़ दिया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ⏩ शेष पेज 11 पर

## सीमेंट से लदी ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाइक सवार के दोनों पैर चकनाचुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

नगर के गुरु घासीदास चौक में गुरुवार शाम 5 बजे के लगभग एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। जहां सीमेंट से लदा ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दिया। इससे बाइक सवार दोनों लोगों का पैर ट्रक चक्का के नीचे आ गया, जिससे दोनों का पैरा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इधर घटना के बाद ट्रक चालक मौके से गाड़ी लेकर भागने की फिराक में था, जिसे कसडोल पुलिस में पदस्थ आरक्षक प्रताप बंजारे ने अपनी जुझबुझ से पकड़ा। घटना में गंभीर रूप से घायल मनोज पटेल और रमेश को प्राइवेट एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर ⏩ शेष पेज 11 पर





### चौक में प्वांइट लगा दिया जायेगा

हड़हाचौक पर पॉइंट लगा रहता है, दुर्घटना की जानकारी नहीं है, गुरुघासीदास चौक पर भी पॉइंट लगा दिया जायेगा।

-अमृत कुजूर
डीएसपी, यातायात विभाग, बलौदाबाजार

## कांग्रेस ने अमित शाह का पुतला दहन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

■ संसद में भीमराव अम्बेडकर पर आपत्तिजनक बयान के विरोध में जिला कांग्रेस ने किया आंदोलन

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 18 दिसंबर को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संदर्भ में दिए गए आपत्तीजनक बयान की घोर निंदा करते हुए बलौदाबाजार के गार्डन चौक में कांग्रेसजनों ने नारे बाजी करते हुए अमित शाह का पुतला दहन किया। जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि बाबा साहेब संविधान निर्माता है, देश को दिशा देने वाले महापुरुष है। अमित शाह और भाजपा के लोगों के दिमाग में जो विचारधारा है वह दर्शाती है कि बाबा साहेब के संविधान का आदर नहीं करते। एक ओर संसद संविधान के 75 गौरवशाली वर्षों पर चर्चा कर रही है, वहीं दूसरी ओर गृहमंत्री शाह ने इस मौके को अंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के साथ कलंकित करने के लिए चुना, वह भी लोकतंत्र के मंदिर में, यह भाजपा की जातिवादी ⏩ शेष पेज 11 पर

### नगर में विद्युत विभाग का नया सब स्टेशन बनाए जाने के प्रस्ताव पर लगी मुहर

# नगर पंचायत परिषद की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव



नगर पंचायत भटगांव परिषद की बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए। इसमें प्रस्तावित नेशनल हाईवे में नगर भटगांव में बाइपास मार्ग बनाने के साथ ही नगर में नवोदय विद्यालय की स्थापना की मांग के साथ भूमि आरक्षित करने, नगर में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के एक नए सब स्टेशन निर्माण हेतु भूमि पर अनापत्ति जैसे महत्वपूर्ण निर्णय आज नगर पंचायत भटगांव के सामान्य सभा की बैठक में लिए गए। उल्लेखनीय की नगर पंचायत में सामान्य सभा परिषद की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सर्वसम्मति से उक्त निर्णय के साथ ही कई अहम निर्णय लिए गए। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 130 बी नगर भटगांव से होकर गुजरने प्रस्तावित है। वर्तमान में नगर की आबादी को देखते हुए प्रस्तावित नेशनल हाईवे में भटगांव के लिए बाइपास मार्ग बनाना आवश्यक है, जिस पर नगर पंचायत में प्रस्ताव पारित किया है। नगर में एक नए सब स्टेशन विद्युत विभाग द्वारा बनाए जाना प्रस्तावित है, जिसके भूमि आवंटन के संबंध में नगर पंचायत द्वारा अनापत्ति प्रदान करते हुए प्रस्ताव पारित किया है। सामान्य सभा के बैठक में परिषद ने सर्वसम्मति से वृद्धा पेंशन राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना विधवा पेंशन सुख सहारा पेंशन सामाजिक सुरक्षा पेंशन के नए प्राप्त आवेदनों पर स्वीकृति प्रदान की है। वार्ड नंबर 7 में नाली निर्माण की स्वीकृति छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राप्त पार्षद निधि में नगर विकास को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव किया गया। सामान्य सभा की बैठक में परिषद के समक्ष नगर पंचायत द्वारा निर्मित दुकानों के किराया वृद्धि के संबंध में प्रस्ताव था, जिस पर परिषद के सभी सदस्यों ने सर्व सहमति से किराए में वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया। अब व्यापारियों को अधिक किराया नहीं देना पड़ेगा परिषद में प्रेसिडेंट काउंसिल द्वारा लिया गया अनेकों निर्णय के अनुमोदन के साथ ही बैठक संपन्न हुआ।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# व्यापम ने कहा- डेटा आपके ही पास, इधर... सर्द रात में बीएड अभ्यर्थियों का पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बीएड डिग्रीधारियों को उनके पद से हटाकर डीएलएड अभ्यर्थियों को पदस्थ किए जाने संबंधित मामले में अब तक कार्रवाई नहीं की जा सकी है।

पिछले सप्ताह विभाग द्वारा डीएलएड अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने के लिए 15 दिनों का समय मांगा गया था। इसके पूर्व कोर्ट के आदेश की अवमानना संबंधित मामले में सुनवाई के दौरान अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि व्यापम द्वारा अब तक कैंडिडेट्स की मेरिट लिस्ट प्रेषित नहीं की जा सकी है। इसके कारण उन्हें अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने में परेशानी हो रही है। व्यापम द्वारा इसका जवाब पिछली सुनवाई के पूर्व ही दे दिया गया था। व्यापम ने अपने जवाब में कहा है कि पूरा डेटा आपके पास है।

परीक्षा परिणाम जारी होते ही प्रावीण्य सूची सहित सभी तरह की जानकारी प्रेषित कर दी गई थी। इसके आधार पर ही विभाग द्वारा शुरुआती चरणों की काउंसिलिंग की गई है। सौंपी गई सूची के आधार पर ही आरक्षण व अन्य नियमों के अंतर्गत विभाग द्वारा नियुक्ति की जाती है। व्यापम पृथक रूप से नियुक्ति सूची जारी नहीं करता है।

खास खबर

### अगले सप्ताह देना होगा जवाब

शासन द्वारा मांगा गया 15 दिनों का समय अगले सप्ताह समाप्त हो जाएगा। इसके बाद बीएड परीक्षार्थियों को हटाए जाने तथा उनके स्थान पर नियुक्त किए गए डीएलएड अभ्यर्थियों की जानकारी देनी होगी। विभाग द्वारा इस पर क्या तैयारी की गई है, इसकी जानकारी अब तक साझा नहीं की जा सकी है। बीएड डिग्रीधारियों को हटाए जाने और डीएलएड डिग्रीधारियों को नियुक्ति दिए जाने को लेकर कशमकश की स्थिति बनी हुई है।




**महोबाजार से पहुंचे पचपेढ़ी नाका :** तमाम प्रक्रियाओं के बीच सैकड़ों की संख्या में बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक पैदल मार्च करते हुए रायपुर पहुंचे। बुधवार को उन्होंने महोबाबाजार से अपनी पदयात्रा शुरू की। गोल चौक, रिंग रोड होते हुए वे पचपेड़ी नाका पहुंचे। रात्रि लगभग 10 बजे यह पैदल यात्रा पचपेढ़ी नाका पहुंची।

### विधानसभा में भी उठा मुद्दा

मंगलवार को विधानसभा में भी यह मुद्दा उठा था। विधायक धर्मलाल कौशिक ने कहा, जिन बीएड अभ्यर्थियों को निकाले जाने का आदेश न्यायालय द्वारा दिया गया है, वे भी पढ़े-लिखे हैं। यदि विभाग में कहीं पद रिक्त हैं, तो उन्हें वहां नियुक्ति दे देनी चाहिए। उनके भविष्य का सवाल है। बीते कई माह से वे नौकरी कर रहे हैं। आगे से नियम के आधार पर भी भर्ती होनी चाहिए। गौरतलब है कि नौकरी से निकाले जाने संबंधित आदेश से लेकर अब तक अभ्यर्थी कई स्तर पर जन प्रतिनिधियों से मुलाकात कर चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें किसी अन्य पद में भर्ती देने को लेकर निर्णय नहीं हुआ है।

## खबर संक्षेप

### सिंधी काउंसिल ने बांटे कंबल सात दिनों तक चलेगा वितरण



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई ने निशुल्क कंबल वितरण के दूसरे दिन बुधवार को अर्जुन नगर घड़ी चौक में कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि, ठंड के मौसम में हमारी कोशिश है कोई भी व्यक्ति ठंड में न सोए। यह कंबल वितरण अभियान सात दिनों तक जारी रहेगा।

### वॉलीबॉल स्पर्धा में रायपुर सड्डू की टीम को मिला प्रथम पुरस्कार



**रायपुर।** सड्डू खेल संघ द्वारा हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू के वालीबॉल मैदान में गत दिनों वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में खम्हरिया, रायपुर, कुसमी, टाटीबंध, नयापारा, कोनारी, डंगनिया, सड्डू, बडगांव मंदिर हसौद, ओटगन, उरकुरा सहित आसपास के जिलों की कुल 22 टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्रीय खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का भरपूर मौका दिया गया। स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार रायपुर सड्डू की टीम को 15 हजार रुपए एवं कप दिया गया। साथ ही अच्छे खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार भी दिया गया। सड्डू खेल संघ के अध्यक्ष पीसी निर्मलकर ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा के अलावा विधायक राजेश मूणत, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित अंतरराष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी मौजूद रहे।

### मठपुरैना रावतपुरा बीएसयूपी को मिलेगा मॉडल स्वरूप

**रायपुर।** मठपुरैना स्थित रावतपुरा बीएसयूपी कॉलोनी को जल्द मॉडल स्वरूप प्रदान किया जाएगा। इस कालोनी में लोगों की सुविधा के लिए सामुदायिक भवन, मंगल भवन और सुंदर बगीचा विकसित किया जायेगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अपर आयुक्त विनोद पांडे, जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल अग्रवाल के साथ कार्य स्थल का निरीक्षण किया। नगर निगम जोन 6 स्थित मठपुरैना बीएसयूपी कालोनी मॉडल कालोनी के रूप में विकसित कार्य करवाया जायेगा।

### धान खरीदी डाटा एंट्री ऑपरेटरों की हड़ताल खत्म

**रायपुर।** नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कम्प्यूटर आपरेटर संघ की हड़ताल समाप्त हो गई है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम से उनके निवास कार्यालय पर छत्तीसगढ़ धान खरीदी ऑपरेटर संघ ने मुलाकात की। इस दौरान शासन से सामंजस्य बिठाकर कार्य करने पर सहमति बनी। संघ के सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किरण सिंह देव से मुलाक़ात कर मांग के संबंध में अवगत कराया। छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे ने बताया कि धान खरीदी डाटा एंट्री ऑपरेटर 12 दिसंबर से अपनी लंबित मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। बुधवार को क़ृषि मंत्री रामविचार नेताम और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से मुलाकात के बाद शासन से सामंजस्य बैठाकर कार्य करने की सहमति बनी, इसके बाद समाप्त कर दी गई है।

## पंथी नृत्य के साथ जैतखाम में फहराया गया नया सफेद ध्वज

# राजधानी में धूमधाम से मनाई बाबा गुरु घासीदास जयंती, घर-घर जले दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित राजधानी में भी बुधवार को सतनामी समाज के लोगों ने बाबा गुरु घासीदास की 268वीं जयंती धूमधाम से मनाई। सुबह से ही सतनामी बहुल बस्तियों में गुरु की अमृतवाणियां गुंजयामान होती रही।

सभी पवित्र जैतखाम परिसर में रंगीन रोशनियों की जगमगाहट रही, लोग अपने घरों के मुख्य द्वार में सफेद रंग से सुंदर रंगोली सजाकर दीप जलाए तथा जयंती पर्व का स्वागत किया। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष केपी खंडे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि, गुढ़ियारी, अंबेडकर चौक स्थित पवित्र जैतखाम में गुरु घासीदास अकादमी समिति से जुड़ी हुई महिलाओं ने अपने-अपने घरों से मालपुआ, महाप्रसादी, फल, फूल, नारियल, पान, सुपारी आदि थाल में सजाकर पवित्र जैतखाम में अर्पित किए। सामूहिक आरती की बाद 18 दिसंबर अमर रहे, जय-जय सतनाम की जयघोष के साथ क्षेत्र के पार्षद सुंदरलाल जोगी ने पवित्र जैतखाम में सफेद ध्वज का नया पालो (झंडा) फहराया। इस दौरान प्रवक्ता चेतन चंदेल, पं. अंजोर दास बंजारे, नोहर घृतलहरे, नरेंद्र कुर्रे, विजय बेर, बंशी मारकंडे, ईश्वर जोगी, राधे घृतलहरे, रुक्मणी जोगी, मीना मारकंडे, शीला बंजारे, भारती बेर, कल्याणी जोगी, सुंदरलाल लहरे, आरके गेंदले, डीएस पात्रे, कपिल, शांति गिलहरे, दामिन टंडन, नीरा लहरे, अमेरिका बाई सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।



### राष्ट्रीय संगोष्ठी में विद्वानों ने रखे अपने विचार

न्यू राजेंद्र नगर स्थित अकादमी भवन में आयोजित राष्ट्रीय साहित्य संगोष्ठी के स्वागताध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार व नगर निगम के पूर्व अपर आयुक्त डॉ.जेआर सोनी थे, जिनके मंचीय संचालन में दिल्ली से पधारे मुख्य अतिथि मोहनदास नैमिशराय ने कहा कि, मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर बाबा गुरु घासीदास जी ने वर्षों पूर्व जो एकता का बीज बोया था आज उसी का फल है कि इंसान में सौहार्दता व आपसी भाईचारा कायम है। अध्यक्षता कर रहे पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी ने कहा कि, गुरु जी के बताएं मार्ग पर चलकर ही हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। संगोष्ठी को दिलीप वासनिकर (आईएएस), डॉ. सुशील त्रिवेदी (आईएएस), डॉ. परदेसी राम वर्मा, बाबा कमलेश दास लखनऊ, रूप सिंह रांझा हरियाणा, केएल रवि ने भी संबोधित किया।

### मानव जाति के प्रेरणास्रोत हैं बाबा गुरु घासीदास

*छत्तीसगढ़ के महान संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर बलौदाबाजार जिले के कलेक्टर परिसर में घटित घटना से जेल में बंद निर्दोषों को निशर्त रिहा करने और संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के जन्मस्थली जिला बलौदाबाजार का नाम बाबा गुरु घासीदास धाम के नाम पर करने का मांग की है। उन्होंने कहा, बलौदाबाजार जेल में बंद निर्दोषों की रिहाई से ही सही मायने में बाबा की जयंती सार्थक होगी और उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।*

### 268 दीप जलाकर पंथी गीतों के साथ ध्वजारोहण



सतनामी समाज द्वारा बाबा गुरु घासीदास के 268 वीं अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में खमतराई के सतनाम भवन में दो दिवसीय बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। आयोजन के पहले दिन सुबह 5 बजे सतनाम भवन के गुरु गद्दी व जोड़ा जैतखाम के समक्ष 268 दीप जलाकर रोशनी की गई। इसके बाद मोहल्ले में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक प्रभातफेरी निकाली। सुबह 7 से 10 बजे तक मंगल भजन ,दोपहर 12 बजे गुरु गद्दी की पूजा - अर्चना के बाद पंथी गीत के के साथ जोड़ा जैतखाम में ध्वजारोहण किया गया। सतनामी समाज के अध्यक्ष सुरेश लहरे,सचिव गोविंद सोनवानी ने बताया कि गुरुवार प्रातः 05 बजे से सतनाम प्रभातफेरी और 8 बजे से मंगल भजन - पंथी नृत्य की प्रस्तुति होगी। दोपहर 2 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी तथा रात्रि के समय आमंत्रित अतिथियों का स्वागत व गुरु जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला जायेगा । जयंती समारोह के मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेश मूणत होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता - सत्यनाम सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजमहंत सुन्दर लाल लहरे करेंगे।

# धान खरीदी नीति में बदलाव सूखत के लिए वित्त विभाग को भेजा जाएगा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर छत्तीसगढ़ में हर साल होने वाली धान खरीदी के दौरान जब धान खरीदा जाता है, तो उसमें 17 प्रतिशत नमी होती, लेकिन महीना-दो महीना धान खरीद केंद्रों में रखा होने के कारण सूखने से धान का वजन कम हो जाता है, लेकिन सोसाइटियों को सूखत के नुकसान के बदले कोई राशि नहीं दी जाती।

सरकार ने 2024-25 के लिए धान उपार्जन की जो नीति बनाई है, उसमें सूखत की भरपाई के लिए प्रावधान किया गया है। अब प्रावधान ये है कि धान खरीदी की अंतिम तिथि के एक माह बाद भी धान का उठाव नहीं होता है तो सोसाइटी को होने वाले सूखत के नुकसान की भरपाई के लिए वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। राज्य में धान के सूखत से होने वाले नुकसान का मुद्दा हर साल की धान खरीदी के दौरान सामने आता रहा है। पूर्व के वर्षों में सूखत का लाभ मार्कफेड को मिलता था। मार्कफेड के गोदाम में रखा गया धान सूखने पर एक प्रतिशत के हिसाब से राशि का प्रावधान था, लेकिन असल में सूखत का नुकसान सोसाइटियों के हिस्से में आता था। अब सरकार ने इस संबंध में नया प्रावधान किया है।



### खरीदी समाप्त होने के एक माह बाद सूखत की गणना

अब नई नीति में जो प्रावधान किया गया है, उसमें जो प्रावधान किया गया है, जानकार कहते हैं कि इस प्रावधान में स्थिति साफ नहीं है, यही कारण है कि सोसायटी संचालकों को लगता है कि सूखत का कोई लाभ उनके हिस्से नहीं आने वाला है। इसके पीछे गड़बड़ी ये है कि प्रावधान में कहा गया है कि धान खरीदी की अंतिम तिथि के बाद मार्कफेड द्वार खरीदी केंद्रों में भंडारित समस्त धान को एक माह के भीतर मिलर एवं परिवहन कर्ताओं के माध्यम से उठाव कराया जाएगा। यदि एक माह के बाद भी खरीदी केंद्र में धान शेष रह जाता है तो उठाव के लिए शेष धान की मात्रा पर समिति को सूखत प्रदान करने के लिए खाद्य विभाग द्वारा प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा जाएगा।

### शार्टेज नहीं तो राशि बैंक को मिलेगी

नई नीति में एक और प्रावधान ये है कि अगर किसी उपार्जन केंद्र (खरीद केंद्र) में निरंक शार्टेज आएगा, तो उन समितियों द्वारा खरीदे गए धान पर प्रति क्विंटल पांच रूपए की दर से बैंक व्यय प्रतिपूर्ति की राशि का भुगतान संबंधित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, रायगढ़ व जशपुर जिले के मामले में अपेक्स बैंक को किया जाएगा। किसी भी जिले के लिए उस जिले में हुए धान उपार्जन के लिए अधिकतम 2 करोड़ रूपए दिए जाएंगे।

# अदानी और मणिपुर मामले को लेकर कांग्रेस का राजभवन मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस ने बाबा आंबेडकर मूर्ति से राजभवन तक पैदल मार्च निकाला। गौतम अडानी के खिलाफ अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाए गए आरोपों तथा मणिपुर में फैली हिंसा के विरोध में कांग्रेस ने यह मार्च निकाला।

पीसीसी अध्यक्ष ने कहा, अमेरिका न्याय विभाग ने अडानी के भ्रष्टाचार को उजागर किया है। इन आरोपों ने रिश्वतखोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और बाजार में हेरफेर के एक परेशान करने वाले पैटर्न को उजागर किया है, जो भारतीय व्यापार और वित्त की प्रतिष्ठा को धूमिल करते हैं। यह घटना भारत में कॉर्पोरेट गवर्नेंस और नियामक निगरानी के संबंध में गंभीर चिंताएं उत्पन्न करती हैं। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के बीच विश्वास की हानि चिंताजनक है। इसके अलावा, सरकार द्वारा संसदीय चर्चा को जानबूझकर रोकना और इस मुद्दे पर मौन रहना जिम्मेदारी और जवाबदेही से बचने का एक चिंताजनक संकेत है। मणिपुर निरंतर हिंसा, गोलीबारी, कर्फ्यू और व्यापक अराजकता के एक अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा है। कई लोगों की जानें चली गई हैं और एक अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि प्रधानमंत्री ने अभी तक मणिपुर का दौरा नहीं किया है।



# औद्योगिक क्षेत्रों के मुख्य मार्गों व स्लम बस्तियों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, 24 घंटे कंट्रोलरूम से होगी मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के औद्योगिक क्षेत्रों के मुख्य मार्गों पर जल्द ही सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों के लगने से अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा कसेगा, वहीं दूसरी ओर दुर्घटना कर फरार होने वाली गाड़ियों की आसानी से पहचान भी हो पाएगी, जिसके बाद उन गाड़ियों का पता लगाकर उनके चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकेगी।

आईजी अमरेश मिश्रा ने बुधवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास सभागार में औद्योगिक कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस बैठक में कलेक्टर डा. गौरव सिंह एवं एसपी लालउम्मेद सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



### कैमरे लगाने सर्वे कर किया जाएगा स्थानों का चयन

आईजी अमरेश मिश्रा ने बैठक में कहा कि राजधानी के आसपास के क्षेत्रों जैसे औद्योगिक क्षेत्र एवं स्लम बस्तियों में सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से मॉनीटरिंग बहुत ही आवश्यक है। प्रत्येक एंगल में सीसीटीवी कैमरे के लिए स्थान चिन्हांकित किया जाएं और सर्वे के बाद उन स्थानों में कैमरे लगाए जाए। आईजी ने कहा कि हर क्षेत्र सीसीटीवी कैमरे से लैस हो, ताकि अपराध होने पर तत्काल कार्रवाई में मदद मिल सके, साथ ही दुर्घटना होने पर वाहन की पहचान हो सके। सीसीटीवी कैमरे सभी स्थानों पर होने से अपराध होने पर तत्काल पुलिस को कार्रवाई में मदद भी मिलेगी। इससे शहर की सुरक्षा भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों की जानकारी भी रखी जाए।

### अपराध में कमी आएगी : कलेक्टर

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि अपराध में कमी लाने के लिए सीसीटीवी कैमरे की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने स्लम बस्तियों एवं औद्योगिक क्षेत्रों में जल्द से जल्द सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मॉनिटरिंग के लिए छोटे-छोटे कंट्रोल रूम बनाए।

### अपराधियों पर लगाम लगाने कैमरे बहुत जरूरी- एसपी

एसपी लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि शहर को सुरक्षित करने और अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे की आवश्यकता है। इसमें सभी की सहभागिता बहुत ही जरूरी है। सीसीटीवी कैमरे हर एंगल में लगाने की जरूरत है, ताकि अपराध होने पर तत्काल सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से अपराधियों को पकड़ा जा सकता है।

# भाठागांव का नाम बदलने के प्रस्ताव के विरोध में विधायक का पुतला दहन



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम एमआईसी में भाठागांव के नाम बदलकर अरिहंत नगर रखने के प्रस्ताव के विरोध में बुधवार को भाठागांव के नागरिकों ने भाजपा के उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के खिलाप मुर्दाबाद के नारे लगाकर विधायक का पुतला जलाया। इस मौके पर भाठागांव के नागरिकों का कहना है कि भाठागांव का नाम 100 वर्षों पहले से चला आ रहा है। विधायक द्वारा बिना ग्रामीणों की सहमति से नाम बदलने का प्रस्ताव रखना भाठागांव की जनता के भावना से खिलवाड़ करना है। इसी दौरान भाठागांव के पार्षद सतनाम पनाग ने बताया कि, वर्षों पुराने भाठागांव का नाम को बदलना किसी भी हाल में सही नहीं, हमारी महापौर परिषद तीन दिन पहले ही नाम बदलने के प्रस्ताव को निरस्त कर चुकी है, लेकिन विधायक द्वारा राज्य शासन से जबरदस्ती भाठागांव के नाम को बदलवाया जाता है। पुतला दहन करने वालों में जय सोनकर, राजा यादव, मुन्ना सोनकर, रमेश सोनकर, जीतू ब्रिजवानी, मनोज सोनकर, ललित साहू, खेम सोनकर आदि उपस्थित रहे।

## कानून व्यवस्था मजबूत करने बनाई गई है कार्ययोजना

# एनएसजी कमांडो की तरह अब ट्रेंड हो रहे हैं वीवीआईपी सुरक्षा में लगने वाले पीएसओ और ड्रायवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में वीवीआईपी की सुरक्षा का तंत्र अब और अधिक मजबूत और सक्षम होगा। दरअसल वीवीआईपी सुरक्षा में काम करने वाले पीएसओ को नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) के माध्यम से ट्रेनिंग दिलवाई जा रही है, इसके साथ ही वीवीआईपी के वाहन चलाने वाले ड्रायवरों को भी इसमें शामिल किया गया है। इन्हें एनएसजी कमांडों की तरह ट्रेंड किया जा रहा है। यह ट्रेनिंग प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए बनाई गई कार्ययोजना का हिस्सा है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ में एनएसजी के माध्यम से प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम इसलिए चलाया जा रहा है, क्योंकि छत्तीसगढ़ एक नक्सल प्रभावित राज्य है। यहां वीवीआईपी सुरक्षा में पुलिस बल के जवान काम करते हैं, इन्हें जो प्रशिक्षण पूर्व में दिया गया है ,वह पुलिस की शैली का है। नई कार्ययोजना में वीवीआईपी सुरक्षा के पीएसओ और वाहन चालकों को एनएसजी कमांडो की तरह प्रशिक्षित किया जाना है। लिहाजा वीवीआईपी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एनएसजी 15 दिनों का पीएसओ कोर्स माना रायपुर में तथा वाहन चालकों का टेक्नीकल ड्रायविंग कोर्स वीआईपी वाहिनी माना में संचालित किया जा रहा है। बताया गया है कि यह प्रशिक्षण एनएसजी के मानदंडों के अनुरूप दिया जा रहा है।



### धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस अपनाएगी एसओपी

प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाई गई कार्ययोजना के तहत जिलों में शांति, सुरक्षा, एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलों में भीड़ नियंत्रण धरना प्रदर्शन, रैली के दौरान शांति एं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और आम जानमाल की सुरक्षा के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया(एसओपी) तैयार कर शासन से जारी करवाई गई है।

### सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिलों को बजट

इसी कार्ययोजना के तहत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की चुनौतियों पर उचित अनुक्रिया के लिए जिला स्वयं सक्षम हो इसके लिए जिलों में कानून व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध के लिए बलवा ड्राल सामाग्री व सुरक्षा संसाधनों की उपलब्धता एवं आवश्यकता का मूल्यांकन कर पुर्ननियोजन व नवीन संसाधनों की पूर्ति के निर्देश जारी किए गए हैं। इस काम के लिए जिलों को बजट आवंटित किया गया है। इसी क्रम में अपराधों पर नियंत्रण के इरादे से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत बाउंड ओवर एवं जिला बदर की कार्यवाही करने कहा गया है। कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए पीटीएस माना, राजनांदगांव, मैनपाट एवं पीटीएस बोरगांव में चार पुलिस प्रशिक्षण इकाईयों में 15 दिनों का रिफ्रेशर कोर्स के माध्यम से बलवा ड्रील का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# जोन अध्यक्ष मन्नू यादव के निधन पर महापौर, सभापति ने दी श्रद्धांजलि

■ पार्षदों और नगर निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ ने शोक जताया

**रायपुर।** नगर निगम जोन 5 अध्यक्ष और वामनराव लाखे वार्ड पार्षद मन्नू विजेता यादव के आकस्मिक निधन पर महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे सहित निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। जोन 5 के जोन अध्यक्ष मन्नू विजेता यादव का मंगलवार की रात्रि में निधन हो गया। उनका निधन होने पर महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा सहित सभी एमआईसी सदस्यों, पार्षदों ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। नगर निगम रायपुर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जाधव, उपाध्यक्ष मोहित दर्रो, श्याम सोनी, महामंत्री आशुतोष सिंह, राधेश्याम एक्का, महासचिव अंशुल शर्मा, सैयद जोहेब, सचिव नीतीश झा, योगेश कडु सहित सभी पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान कर उनके परिजनों को दुःख को सहने शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि मन्नू यादव एक सरल, मिलनसार व्यक्तितत्व वाले सक्रिय, जागरूक जनप्रतिनिधि थे। उन्होंने पण्डित वामन राव लाखे वार्ड, जोन 5 क्षेत्र सहित रायपुर शहर को स्वच्छ, सुन्दर, विकसित बनाने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### धीवर समाज प्रमुखों ने गृहमंत्री से की मुलाकात

**रायपुर।** धीवर समाज के प्रमुख लोगो द्वारा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से उनके निवास स्थल में जाकर समाज के लिए छात्रावास एवं सांस्कृतिक भवन के निर्माण को लेकर उनसे मुलाकात की। पूर्व में उप मुख्यमंत्री जी द्वारा सामाजिक परिचय सम्मेलन में शामिल होकर समाज के लिये नये छात्रावास एवं सांस्कृतिक भवन निर्माण की घोषणा की थी। इस अवसर पर समाज प्रमुख रामकृष्ण धीवर, सुरेश धीवर, रामलाल पेदररिया, पवन धीवर, बसंत निषाद, घसियाराम मटियारा, संरक्षक कमलेश फेकर आदि मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर अन्नदाता किसानों का हुआ सम्मान

**महासमुंद।** भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम बम्हनी में किसानों का सम्मान कृषि साख सहकारी समिति बम्हनी के प्राधिकृत अध्यक्ष रामेश्वर पांडेय एवं धान खरीदी केंद्र के कर्मचारियों द्वारा सोसायटी प्रांगण में किया गया। इस आयोजन में राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कृषकों को गमछा हार, गुलाल एवं फल भेंटकर सम्मानित किया गया और उन्हें किसान से जुड़े लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अयोजन के दौराण बम्हनी सोसायटी अध्यक्ष के साथ पन्नालाल साहू, युगेश राजू साहू, पुरषोत्तम बल्लू साहू, कमलेश साहू, राकेश साहू आदि मौजूद रहे।

## मोटराइज्ड ट्रायसायकल मिलने से आत्मनिर्भर बने टिकेश्वर पटेल

**महासमुंद।** पिथौरा के ग्राम अठठारहगुढ़ी निवासी टिकेश्वर पटेल, जो 80 प्रतिशत अस्थि बाधित हैं, उनका जीवन एक समय में दूसरों पर निर्भर था। अपने गांव से बाहर निकलना उनके लिए चुनौतीपूर्ण था, जिससे वे सीमित अवसरों और निराशा से घिरे रहते थे। उनके जीवन ने तब नया मोड़ लिया जब उन्हें समाज कल्याण विभाग की मोटराइज्ड ट्रायसायकल योजना की जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत आवश्यक दस्तावेज़ तैयार कर आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी समस्या को समझते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की और 16 जुलाई 2024 को कलेक्टर लंगेह के हाथों उन्हें मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। ट्रायसायकल ने पटेल के जीवन को पूरी तरह बदल दिया। अब वे स्वतंत्र रूप से गांव और आसपास के इलाकों में मौसमी साग-सब्जी और मशरूम बेचने का काम कर रहे हैं। यह ट्रायसायकल उनके लिए सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गई है।

## मुड़पार में किसानों को मसूर बीज वितरित

नर्रा। ग्राम पंचायत झिटकी के आश्रित ग्राम मुड़पार (नावाडीह) में सुशासन दिवस पर कृषि विभाग द्वारा वन पट्टाधारी किसानों को निःशुल्क मसूर बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सरपंच पुनऊराम ध्रुव नवीन पटेल, पूर्व सरपंच डीकुमार चौरे, पुनऊराम पटेल मौजूद रहे। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शिव चंद्राकर ने किसानों को जानकारी देते हुए प्रदेश के साय सरकार के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आप सबके खुशहाली के लिए निःशुल्क मसूर बीज का वितरण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान पंजीयन कराकर पावर ट्रीलर, कृषि पंप आदि कृषि यंत्रों का सब्सिडी का लाभ लेकर उन्नत कृषि लाभ ले सकते हैं। शिव चंद्राकर ने किसानों को धान के बदले अधिकाधिक रकबे में दलहन, तिलहन, मक्का, गेहूं, रागी, मसूर, सरसों लगाकर अधिक आय अर्जित करने प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर किसान बृज ठाकुर, डीकुमार चौरे, पुनउ पटेल आदि उपस्थित रहे।

# महीनेभर चली सिटी बसें, अब पिछले 9 साल से हो रहा इंतजार

**कॉलेज विद्यार्थी इसकी मांग को लेकर तमाम जगहों पर जा चुके हैं, फिर भी अनसुनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

साल 2015 में महासमुंद शहर में सिटी बसें आईं। जनप्रतिनिधियों ने उसमें चढ़कर सेल्फी ली, सैर किया ये बसें एक माह चलीं और फिर बंद हो गई, जो आज तक वापस नहीं चल पाई हैं। नौ साल से महामसुंद के लोग इस बस का इंतजार कर रहे हैं। इन बसों की मांग जारी है। कॉलेज विद्यार्थी इसकी मांग को लेकर तमाम जगहों पर जा चुके हैं, लेकिन उनकी मांगें पूरी नहीं हुई। अनेक बार प्रयास भी शहर में सिटी बसों का संचालन शुरू नहीं है। शहर में आम लोगों को सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से सिटी बस प्रारंभ किया। इसका लाभ लोगों को अधिक मिलने लगा था, लेकिन प्रशासन की अनदेखी और सिटी बस संचालक की लापरवाही के कारण बसों के पहिए थम गए।

बता दे की 20 नवंबर 2015 को तत्कालीन संसदीय सचिव रूपकुमारी चौधरी, तत्कालीन विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, तत्कालीन नपाध्यक्ष पवन पटेल ने हरी झंडी दिखाकर सिटी बस संचालन का शुभारंभ किया था। ये सभी पहले दिन इस में बैठे, सेल्फी ली, फोटो खिंचवाएं, कुछ देर सफर भी किया। हरी झंडी दिखाने के बाद एक महीने में ही बसें गायब हो गईं। इन बसों के शुभारंभ से 6 महीने पहले से खरोरा में सिटी बस टर्मिनल निर्माण का कार्य जोरों पर था, लेकिन यह भी अब तक पूरा नहीं किया जा सका है। सिटी बस का संचालन बंद होने के बाद जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने इसे मुड़क़र भी नहीं देखा।

जानकारी अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सभा के दौरान एक सिटी बस का संचालन का शुभारंभ हाईस्कूल मैदान से किया गया था। लेकिन शुभारंभ के बाद से ही यह बस भी शहर से गायब हो गई। कॉलेज के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए शुरू की गई एक बस भी आज तक सडक़ पर दौड़ती नहीं दिखीं। फलस्वरूप आज भी कॉलेज सहित शहरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महासमुंद में हालात यह है कि महज शहर से मचेवा कॉलेज तक का ऑटो चालक स्पेशल में 100 रुपए तथा सवारी में 20 से 30 रुपए चार्ज करते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पैसे न होने की स्थिति में विद्यार्थी पैदल ही सफर करते हैं।

### विद्यार्थियों को परेशानी

जिले में आवागमन के लिए सिटी बस की आवश्यकता है, मुख्य रूप से उन विद्यार्थियों को जो रोजाना स्कूल व कॉलेज की पढ़ाई के लिए गांवों से जिला मुख्यालय पहुंचते हैं। वहीं वह व्यापारी जो महासमुंद व्यापार के लिए पहुंचते हैं। सिटी बस में अधिकतम 5 से 10 रुपए ही किराया लगता है, जिसके लिए अभी 20 से 30 रुपए देना पड़ता है।



### महंगा सफर करना पड़ा रहा

सिटी बस नहीं चलने का खामियाजा लोगों को महंगा सफर के रुप में भुगतना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय के अलावा बागबाहरा, पिथौरा, फिंगेश्वर, राजिम, आरंग तक रुट के लिए सिटी बस चलने से विद्यार्थी, व्यापारी और आम जतना को कम किराया में सफर की सुविधा मिलती। निजी परिवहन सुविधा की तुलना में सिटी बसों का किराया कम रहता है, लेकिन जिले में सिटी बस सुविधा बंद हैं ऐसे में यात्री प्राइवेट बसें, ऑटो और छोटे सवारी वाहनों में महंगा सफर करने मजबूर हैं।

## एनएचएम के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम दफ्तर में सौंपा ज्ञापन

# विष्णु देव सरकार का सुशासन एनएचएम कर्मचारियों के लिए रहा घाटे का सौदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

छत्तीसगढ़ प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा आधार पर 16 हज़ार कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। इन कर्मचारियों के माध्यम से प्रदेश के शहरी क्षेत्रों के स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ-साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्र, वनांचल क्षेत्र में भी स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ प्रदेश की आम जनता को प्रदान की जाती हैं। विदित हो कि विष्णु सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के बाद भी एनएचएम के कर्मचारियों को कोई लाभ नहीं मिला है, जिसके लिए एनएचएम के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम दफ्तर में ज्ञापन सौंपा।

विदित हो कि देश में 12 अप्रैल 2005 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का आरंभ किया गया था। उस समय इसे राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के नाम से शुरू किया गया जो बाद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बन गया। पिछले 20 वर्षों में छत्तीसगढ़ प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कई प्रकार के नए राष्ट्रीय कार्यक्रम जोड़े गए, नए स्वास्थ्य संस्थाओं का निर्माण हुआ, नए अस्पताल खुले जिनके लिए लगातार संविदा भर्ती की गई।



छत्तीसगढ़ प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी जो की आम जनता को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करते हैं, उनके काम करने की दशाएं बहुत जटिल हैं तथा विभिन्न प्रकार के संक्रमणों का भी खतरा बना रहता है।

संविदा में होने के कारण कर्मचारियों के वेतन, समकक्ष नियमित कर्मचारियों की तुलना में आधे से भी कम होते हैं इसके साथ ही साथ काम की अन्य कई सुविधाएं जैसे बीमा, पेंशन, मेडिकल अवकाश, अनुकंपा नियुक्ति, ट्रांसफर की नीति आदि महत्वपूर्ण सुविधाओं से भी छत्तीसगढ़ प्रदेश के एनएचएम कर्मचारी आज पर्यंत तक वंचित हैं।

ऐसी अन्यायपूर्ण और पीड़ित स्थिति में सुधार के लिए छत्तीसगढ़ एनएचएम कर्मचारी संघ के माध्यम से विगत कई वर्षों से लगातार शासन- प्रशासन स्तर पर अपनी बात रख मांगों को पूरा करवाने का प्रयास किया जाता रहा है। और यह प्रयास वर्तमान सरकार के दौर में भी जारी है।

वर्तमान में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को एक वर्ष हुए हैं। इस सरकार के कार्यकाल में पिछले एक वर्ष के दौरान एन एच एम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सांसदों तथा विधायकों को मिलकर अब तक 50 से अधिक बार ज्ञापन दिया जा चुका है।

भेंट के दौरान उक्त मंत्री, जनप्रतिनिधि लगातार यह बात संगठन के प्रतिनिधि मंडलों से कहते रहे हैं कि, हमारी सरकार आई है तो हम अवश्य आपका काम करेंगे, परंतु यह अत्यंत दुख का विषय है कि पिछले एक वर्ष में प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के संबंध में किसी प्रकार का कोई सकारात्मक बदलाव वर्तमान की सरकार द्वारा नहीं किया गया है।

इसका एक सबसे बड़ा उदाहरण है 27% वेतन वृद्धि। वर्ष 2023 में प्रदेश के संविदा कर्मचारियों ने प्रांत व्यापी काम बंद आंदोलन किया जो 31 दिन तक चला इस आंदोलन के दौरान संविदा कर्मचारियों के लिए विधानसभा में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा की और उसे जुलाई 2023 से देने की बात कही गई। कई विभागों जैसे मनरेगा, आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन आदि में तत्काल 27% वेतन वृद्धि दे दिया गया, परंतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में इस संबंध में आज पर्यंत तक कोई प्रयास नहीं हुआ है। एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तब निर्मित हो जाती है जब 27% में वित्त विभाग ने 22% की कटौती करके 5% वेतन वृद्धि देने का निर्देश दिया, परन्तु उसे भी आज तक नहीं दिया गया। मतलब यह है कि प्रदेश के एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारियों को ना तो 27% वेतन वृद्धि का लाभ मिला और उसमें भी जो कटौती की गई कटौती के बाद जो बचा वह भी अभी तक प्राप्त नहीं हुआ । यह स्थिति तब है जब प्रदेश में सुशासन का वर्ष मनाया जा रहा है ।

## कांग्रेस ने अमित शाह का पुतला दहन कर इस्तीफे की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय संसद में भारत के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माता में से एक भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के बारे में उलजुलूल बयान देकर अपनी अयोग्यता को प्रदर्शित किया है। डॉक्टर अंबेडकर विपुल प्रतिभा के धनी जिन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय अमेरिका और लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की तथा विधि,अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य किया है। डॉ. बीआर अंबेडकर 64 विषयों के मास्टर रहे जिन्हें 9 भाषाओं का ज्ञान रहा। साथ ही उनके पास 32 डिग्री थी। ऐसे ही डॉ भीमराव अंबेडकर के बारे में बयान देना गृहमंत्री अमित शाह के अज्ञानता को दर्शाती है। इसका अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रत्येक जिले मुख्यालय में अमित शाह का पुतला दहन कर उनसे सांसद पद से इस्तीफा की मांग की गई एवं महामानव डॉ भीमराव अंबेडकर से माफी मांगने की बात कही गई।


**प्रदर्शन के दौरान यह रहे मौजूद:** पुतला दहन के प्रदर्शन में विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, राशि महिलांग नगर पालिका अध्यक्ष, प्रमोद चंद्राकर जिलाध्यक्ष वनोपज, कृष्ण चंद्राकर नगर पालिका उपाध्यक्ष, दाऊलाल चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, हीरा बंजारे, सोमेश दवे, गुरमीत चावला, गौरव चंद्राकर, विजय साव, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, निखिलकांत साहू, शाहबाज राजवानी, कपिल साहू, नितेंद्र बैनर्जी, तुलसी साहू, राजू साहू, प्रकाश अजमानी, संतोष ठाकुर, मेहूल सूचक, एरिश अनवर, इब्राहिम खान, सिद्धांत साहू, युवराज साहू, भानू सोनी एवं अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## जार्ज सोरस के इशारे पर राजनीतिक अस्थिरता पैदा कर रहे राहुल : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संसद परिसर में आज हुई घटना ने न केवल कांग्रेस के दोहरे चरित्र को उजागर किया है, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि दूसरी पार्टियों पर गुंडागर्दी के आरोप लगाने वाले लोग ही इसमें सबसे आगे हैं। उक्त बातें लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने संसद परिसर में हुए घटनाक्रम के बाद कहीं।

सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा है कि आज राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों के सांसदों द्वारा यूपीए के सांसदों द्वारा बाबा साहब अंबेडकर को लेकर की जा रही ओछी राजनीति एवं भारत के गृह मंत्री अमित शाह पर लगाए जा रहे अनर्गल आरोपों के विरुद्ध संसद परिसर में शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, उसी समय राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के नेतृत्व में यूपीए घटक दलों के सांसदों द्वारा बलात एवं गुंडागर्दी वाला आचरण प्रस्तुत किया। संसद परिसर में भारतीय जनता पार्टी के सांसद जहां खड़े होकर शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे सीआईएसएफ के जवानों ने उसके बाजू से एक संरक्षित मार्ग यूपीए के घटक दलों के सांसदों के लिए बनाया हुआ था, उसके बाद भी राहुल गांधी भारतीय जनता पार्टी की महिला सांसद एवं बुजुर्ग सांसदों के साथ बदतमीजी एवं धक्का मुक्की करते हुए संसद परिसर के अंदर चले गए, जिसके फल स्वरुप राहुल गांधी के धक्के से गिरकर भारतीय जनता पार्टी के दो सांसदों को गंभीर चोट आई।



ओडिशा के सांसद प्रताप सारंगी दिल्ली के अस्पताल में आईसीयू में भर्ती हैं। महिलाओं एवं बुजुर्गों के साथ राहुल गांधी का यह व्यवहार उनके चरित्र को उजागर करता है। जॉर्ज सोरस के इशारों पर देश में राजनीतिक अस्थिरता पैदा करके देश के विकास को रोकना चाहते हैं,और जैसे इनके पूर्वजों ने सत्ता लोलुपता के लिए देश के विभाजन को स्वीकारा था, वैसे ही राहुल गांधी सत्ता में आने के लिए फिर से देश को टुकड़ों में बांटने के प्रयास में है।

## योजनाओं का अलग से लाभ लेने बिखर रहा संयुक्त परिवार

**महासमुंद।** जिले में संयुक्त परिवार की परंपरा अब समाप्त होते नजर आ रही है। आवास, शौचालय, राशन सहित अधिकांश शासकीय योजनाओं के लिए परिवार को इकाई माना गया है। इन योजनाओं का लाभ लेने के फेर में कई संयुक्त परिवार अलग-अलग होते नजर आ रहे हैं। मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड की लगातार बढ़ती संख्या इस बात की पुष्टि कर रही है। खासकर गांवों में जहां पर पहले संयुक्त परिवार की परंपरा थी, वहां भी अब राशन कार्ड, जॉब कार्ड बनवाने के लिए एकल परिवार का चलन बढ़ने लगा है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत मनरेगा को जोड़ दिया गया था। मनरेगा में काम करने वाले शौचालय विहीन हर परिवार के घर में शौचालय बनाने का आदेश भी दिया गया। शौचालय निर्माण के दौरान मजदूरी भी घर का ही मनरेगा मजदूर करता था। इस लिहाज से स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बनाने के लिए गांवों में मनरेगा जॉब कार्ड एक तरह से अनिवार्य कर दिया गया था। इस योजना के शुरू होते ही मनरेगा में परिवारों की संख्या एकाएक बढ़ने लगी थी। पीएम आवास योजना से भी मनरेगा को जोड़ा गया है। इसके तहत मनरेगा मजदूरों के परिवार को प्राथमिकता के तहत आवास योजना का लाभ दिया जाना है।




**पेज 9 के शेष**

### खरीदी केंद्र में...

सोसाइटी अध्यक्ष कृतराम वर्मा, पूर्व अध्यक्ष मनोहर चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री जयभारत कन्नौजे, जोगीराम वर्मा, कलीराम सेन, श्यामरतन कुर्रे, नकुल साहू, शाखा प्रबंधक बी आर पटेल सहित किसान बंधु उपस्थित थे।

### नपा का 7 वार्ड...

अनुसूचित जाति, वार्ड 11 चंद्रशेखर आजाद वार्ड-अनुसूचित जाति, वार्ड 12 शहीद भगत सिंह वार्ड–अनारक्षित वार्ड 13 सुभाषचंद्र बोस वार्ड – अनारक्षित, वार्ड 14 महात्मा गांधी वार्ड –अनारक्षित, वार्ड 15 पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड–अनारक्षित महिला, वार्ड 16 लोकमान्य तिलक वार्ड – अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 17 रानी दुर्गावती वार्ड – अनारक्षित, वार्ड 18 डॉ. राममनोहर लोहिया वार्ड–अनारक्षित, वार्ड 19 रानी लक्ष्मी बाई वार्ड भाग एक–अनारक्षित महिला, वार्ड 20 शहीद वीर नारायण सिंह भाग एक–अनारक्षित महिला औरवार्ड 21 गुरूदेव रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड – अन्य पिछड़ा वर्ग शामिल हैं।

### नगर पंचायत रोहास...

इस मौके पर अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अभिषेक गुप्ता, सभी आरो, एआरओ, सीएमओ सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### विस में कविता ...

के सवाल पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मंत्री अरुण साहू ने जवाब देते हुए बताया कि वर्ष 2019 से 25 नवंबर तक जल जीवन मिशन योजना के तहत कई परियोजनाएं चलाई गई हैं। इनमें रेट्रो फिटिंग योजना, एकल ग्राम नल जल योजना, सोलर आधारित नल जल योजना और समूह जलप्रदाय योजना शामिल हैं। इसके अलावा, हैंडपंप योजनाके माध्यम से बसाहट, स्कूल, आंगनबाड़ी, श्मशान घाट और गोठानों में नलकूप खनन और हैंडपंप की स्थापना के कार्य भी किए गए हैं। इन सभी परियोजनाओं के लिए कुल लागत 45726.18 लाख रुपये स्वीकृत की गई है। मंत्री ने बताया कि योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी की जा रही है और निर्माण में किसी भी तरह की अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, विधायक कविता प्राण लहरे ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधारने और अधूरे प्रोजेक्ट को शीघ्र पूर्ण करने की मांग पर जोर दिया।

### सीमेंट से लदी...

किया। विदित हो कि कसडोल नगर के गुरु घासीदास दास चौक और हड़हापारा चौक में आए दिन सड़क हादसा होते रहते हैं और हादसे को रोकने के लिए यहां ट्रैफिक पुलिस को पदस्थ किया गया है। बावजूद इसके यहां सड़क हादसा रुकने का नाम नहीं ले रहा है और तेजरफ्तार की कहर ने आज एक बार फिर किसी घर उजड़ते उजड़ते बच गया। यहां बाइक चालक बगैर हेलमेट के मोटरसाइकल में घूमते रहते है और डोंगरीडीह में आने जाने वाले राहगीरों पर ट्रैफिक नियम और पुलिसिया रौब दिखा कर लोगों को परेशान करते हैं।

### कांग्रेस ने अमित ...

और दलित विरोधी मानसिकता को प्रदर्शन है। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम गिरी, शहर अध्यक्ष रूपेश ठाकुर, प्रभारी महामंत्री गोपी साहू, विक्रम पटेल, संतोष तिवारी, अनिल साहू, सुरेंद्र जायसवाल, आर्यन शुक्ला, मनोज प्रजापति, धर्मेंद्र वर्मा, गोविंद पात्रे, रविन्द्र नामदेव, दिगम्बर साहू, देवेंद्र बंजारे, अभिषेक पटेल, सलमान शेख, हर्षू वर्मा, पिंटू वर्मा, आयुष भतपहरी, शिवम मिश्रा सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।



# भाटापारा-लिमतरा मार्ग के दोनों ओर सर्विस रोड़ निर्माण के लिए मिली 8 करोड़ की मंज़ूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

बिलासपुर-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में भाटापारा-लिमतरा मार्ग के लिए दोनों ओर सर्विस मार्ग की स्वीकृति उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा के प्रयासों से लगभग 8 करोड़ की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने प्रदान कर दी है। यह सफलता श्री शर्मा के पूर्व में किए गए प्रयासों एवं कुछ दिन पहले दिल्ली प्रवास पर पुनः किये गए प्रयासों का परिणाम है। शिवरतन शर्मा ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर भाटापारा-लिमतरा मार्ग के दोनों ओर राष्ट्रीय राजमार्ग से सर्विस रोड बनाकर जोड़ने का आग्रह किया था।

**पूर्व विधायक शिवरतन ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से मुलाकात कर उक्त मार्ग निर्माण के लिए मांगी थी राशि**





फाइल फोटो

### क्षेत्रवासियों ने व्यक्त किया आभार

उक्त स्वीकृति के लिए राकेश तिवारी, सुनील यद्दु, आशीष जायसवाल, मानिन्दर गुम्बर, योगेश अंनत, मोहन बांधे, सतीश साहू, कुंजराम कोशले, आशीष पुरोहित, अंकित बाजपेयी, प्रवेश मिश्रा, गोपाल देवांगन, अजित निषाद, संजय शुक्ला सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने शिवरतन शर्मा द्वारा करवाये जा रहे विकासपरक कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।

शिवरतन शर्मा ने उक्त स्वीकृति पर दूरभाष चर्चा में बताया कि दोनों ओर इस सर्विस रोड़ के निर्माण से क्षेत्र की जनता में खुशी की लहर है। इससे आवागमन सुगम होगा, समय की बचत होगी, साथ ही क्षेत्र के औद्योगिक और व्यवसायिक विकास में सहायता मिलेगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण सौग़ात के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल का आभार जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देकर सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करेगी।

## खबर संक्षेप

### भंवरपुर में चार दिवसीय हरि कथा का आयोजन

**भंवरपुर।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान सरायपाली छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित चार दिवसीय हरि कथा का आयोजन बसना भंवरपुर में किया गया है। आशुतोष महाराज की शिष्याएं दिल्ली से आईं साध्वी बहनों द्वारा सत्संग प्रवचन हो रहा है। स्वामी अखिलेशानंद ने संत की पहचान बताते कहा कि जो ईश्वर की अनुभूति करा दे, तभी ध्यान प्रारंभ होती है, ध्यान से मन एकाग्र होता है, तभी कर्म और जीवन चरित्र बदलता है। हरि कथा में सैकड़ों श्रद्धालु भक्त पहुंच रहे हैं। भंवरपुर के कार्यकर्ता बसंत अग्रवाल मोहन अग्रवाल, अशोक शर्मा दयाराम शंकर अग्रवाल, डॉ, बीपी साहू, प्रतीक देवांगन, पुरुषोत्तम चौहान, अमरनाथ चौहान, जैत राम देवांगन, चक्रधर डडसेना सागरपाली से बजरंग अग्रवाल, मुरली अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल गजेंद्र पटेल इत्यादि उपस्थित रहे।

### कनेकेरा सोसाइटी में किसानों का सम्मान

**महासमुंद।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित कनेकरा उपार्जन केंद्र शेर में किसानों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष हरेंद्र साहू, प्रभारी प्रबंधक परमेश्वर यादव, रतनलाल साहू , कन्हैयालाल साहू, धनसाय साहू, करमचंद साहू, गोपाल साहू हरेंद्र साहू आदि कर्मचारीगण, किसानों इंदिरा चंद्राकर पुरुषोत्तम चंद्राकर, भोलाराम साहू, बुकालूराम ध्रुव, संतु बघेल, नरेंद्र ध्रुव फेकू लाल साहू, शैलेंद्र निषाद, मीराबाई] पन्नालाल यादव, सुखनंदन यादव, धर्मेंद्र ध्रुव, रुक्मणी, इंदिरा बाई, चंद्रमणि चंद्राकर आदि मौजूद रहे। प्रेम सिंह पटेल मोहनलाल सिंह शिवकुमार यादव गणेश भाई श्री सोहनलाल साहू आदि किसान भाई उपस्थित थे।

### खल्लारी विस क्षेत्र में 101 युवाओं का भाजपा प्रवेश

**बागबाहरा।** खल्लारी विधानसभा के ग्राम सुखरीडबरी में आयोजित कार्यक्रम में 101 युवाओं ने नरेंद्र मोदी के नीति व कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश चौधरी, अलका चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, पिलेश्वर पटेल संजय मालवे, नरेंद्र बग्गा, छेदू चक्रधारी, मानसिंह डेमन पनोरिया, लोकेश पनुरिया, यशवंत साहू आदि उपस्थित रहे। युवाओं का भाजपा गमछा फूल माला तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रवेश करने वालों में प्रमुख रूप से भोजराज चौहान, खेमराज ठाकुर, अजय चक्रधारी, यश बघे, फालिस चक्रधारी, कृष्णा चक्रधारी, खेमलाल चक्रधारी, टिकेश्वर सेन, चक्रधारी आदि प्रमुख रहे।

### निधन

**चतुरु राम वर्मा**



**सुहेला।** ग्राम संकरी निवासी 80 वर्षीय चतुरु राम वर्मा का 19 दिसंबर को माना बस्ती में निधन हो गया। वे राजाराम वर्मा, गणेश वर्मा, रमेश वर्मा के पिताजी एवं अमित वर्मा, अभिषेक वर्मा, प्रतीक वर्मा, आशीष वर्मा के दादाजी थे। उनका अंतिम संस्कार 20 दिसंबर, शुक्रवार को गृह ग्राम संकरी (हथबंध) में किया जाएगा।

## नवापारा एवं गोरधा को जल जीवन मिशन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला प्रमाण पत्र

# जिले के दो गांव हर घर जल प्रमाण पत्र से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत जिले के दो गांव विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत टेमरी के आश्रित ग्राम नवापारा एवं मोहतरा के आश्रित ग्राम गोरधा में जल जीवन मिशन के तहत किए गए उत्कृष्ट कार्यों और जल आपूर्ति में सुधार के लिए हर घर जल प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन गांवों को दिया गया है, जहां अब प्रत्येक घर में नल से जल की आपूर्ति हो रही है, जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग के सहायक अभियंता मनोज कुमार दाखोड़े ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। यह दो गांव इस मिशन की सफलता का प्रतीक हैं और यह प्रमाण पत्र उन सभी प्रयासों का फल है, जो यहां के स्थानीय अधिकारियों और समुदायों ने मिलकर किए। उक्त सम्मान उन प्रयासों के लिए दिया गया है, जिनके माध्यम से न केवल हर घर में नल से जल पहुंचाया गया, बल्कि पानी की गुणवत्ता और वितरण प्रणाली में भी सुधार हुआ है। नवापारा के सरपंच ने कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य देश के हर गांव और शहर में नल से जल पहुंचाना है, जिससे महिलाओं और बच्चों को पानी लाने की कठिनाई से मुक्ति मिले और उनके जीवन स्तर में सुधार हो। इस योजना के अंतर्गत, सरकार ने देशभर के गांवों में जल प्रबंधन के लिए कई योजनाएं लागू की हैं और इन प्रयासों के परिणामस्वरूप लाखों लोगों को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि इन गांवों ने हर घर जल मिशन के उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया है और यह हमारे अगले कदम की ओर एक बड़ा कदम है, ताकि और अधिक गांवों को इस मिशन के तहत जल आपूर्ति की सुविधा मिलें। उक्त कार्यक्रम में शामिल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से सहायक अभियंता मनोज कुमार दाखोड़े एवं जिला समन्वयक राजकुमार कोशले, मनोज कुमार राठौर, निर्माण एजेंसी भामा कनट्रक्शन के योगेंद्र वर्मा उपस्थित थे।




## बलौदाबाजार घटना को संसद में उठाने पर सतनामी समाज ने चंद्रशेखर का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

भीम आर्मी के संस्थापक एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद ने गत दिनों संसद में 10 जून को बलौदाबाजार में घटित आगजनी एवं तोड़फोड़ की घटना को उठाते हुए कहा कि अमर गुफा गिरौदपुरी धाम में संत शिरोमणि गुरु घासीदास जैतखाम को असामाजिक तत्वों के लोगों ने काटकर सतनामी समाज के आस्था को ठेस पहुंचाया था। उस व्यक्ति को ढुड़कर जांच में सही पाए जाने पर उचित कार्रवाई करने की मांग को लेकर 10 जून को बलौदाबाजार में आंदोलन कर रहे बेगुनाह लोग जेल के सलाखों बंद है। सांसद आजाद द्वारा उक्त प्रकरण को संसद में उठाये जाने पर अंचल के सतनामी समाज के लोगों ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा है कि अब छत्तीसगढ़वासियों को लग रहा है। समाज की आवाज को पहुंचाने वाला वर्तमान में वहीं मात्र एक नेता है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में जांजगीर–चांपा लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां से भाजपा की टिकट पर कमलेश जागड़े जीत कर संसद में पहुंचीं है। अतः इस मामले को संसद में उठाना उनका फर्ज बनता है, क्योंकि गिरौदपुरी धाम जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र में आता है।

- जांच में सही पाए जाने पर उचित कार्रवाई करने की मांग को

## हथबंद में मनाई गई गुरु घासीदास की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद

यहां इस वर्ष भी गुरु घासीदास बाबा की जयंती पर जैतखाम पर पालो चढ़ाया गया। इस दिन भक्तगणों ने बाबा की पूजा–अर्चना की और उनके जीवन और शिक्षाओं को याद किया। पूजा के दौरान, भक्तों ने बाबा को फूल, फल और अन्य चीजें चढ़ाया। इसके अलावा, विशेष पूजा और आरती भी की गई। अतिथितयों ने गुरु घासीदास बाबा के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर मूलचंद टंडन, सरपंच प्रतिनिधि संजय वर्मा, रमेश कोठारी, रतन बंजारे, चोवा राम बघेल, रेशमलाल महिलांगे, भरत चतुरे, दुलेश्वर अनंत कुमार कोसले, गेंदराम कोसले, नरेंद्र अनंत थे। राकेश, ठकेश, चतुरे प्रकाश पाल, शंकर ध्रुव, धन्ना निषाद, कृष्ण कुमार निषाद, जितेन्द्र यादव सहित ग्रामीण उपस्थित थे।





### जोड़ा जैतखाम पर चढ़ाया पालो

**मुंडा।** आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के आश्रित ग्राम ढनढनि में बाबा गुरु घासीदास की 268वीं जयंती पर जोड़ा जैत खाम पर संध्या के समय ग्रामीणों ने मंगल आरती करते हुए पूजा अर्चना की और पालो चढ़ाय। रात्रि में पंथी नृत्य कार्यक्रम हुआ, जिसमें पंच मुन्नालाल चतुर्वेदी, अजय रात्रे, नकुल रात्रे, तामेश्वर रात्रे, शिवकुमार पुरेना, अच्छे पूरेना मनोहर जोशी, रमेश जोशी, दिनेश जोशी, रवि चतुर्वेदी, भोकई चतुर्वेदी, सरोज रात्रे, कमल रात्रे व ग्रामवासी सम्मिलित थे।



## स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने लिया अग्निशामक यंत्रों एवं आग से बचाव का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

विभिन्न विभागों में अग्निशामक यन्त्रों के संचालन के लिए कलेक्टर दीपक सोनी ने प्रशिक्षण कार्यशाला रखने के निर्देश पूर्व में दिए थे। इस पर अमल करते हुए जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के स्टाफ हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। अब तक जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल एवं लवन में यह पूर्ण हो चुका है। उक्त केंद्रों में विकासखण्ड के मैदानी स्वास्थ्य अमले को भी सम्मिलित कर दुर्घटना से बचाव के तरीके सुझाए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार उक्त प्रशिक्षण में आग के प्रकार एवं उनको बुझाने की विधि, अग्निशामक यंत्र कितने प्रकार के होते हैं एवं कौन सी आग में कौन सा अग्निशामक यन्त्र का उपयोग करना है, की जानकारी देते हुए इसके प्रयोग के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त यदि अस्पताल में अग्नि दुर्घटना हो गई तो ऐसी आपातकालीन स्थिति में एसएनसीयू, आईसीयू, एनबीएसयू के नवजात शिशुओ तथा मरीजों का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर लाना है। प्रशिक्षण में अस्पताल में स्थापित फायर उपकरण जैसे, हाईड्रेंट, हाजरील, हाज बाक्स, शार्ट ब्रांच के प्रयोग के बारे में बताते हुए डेमो देकर अभ्यास भी कराया गया।

इसमें गैस सिलिंडर में आग की स्थिति में बचाव करना भी सिखाया गया। अग्निशामक यंत्र के संचालन हेतु उक्त प्रशिक्षण अग्निशमन कार्यालय के फायर कर्मचारियों–स्टेशन इंचार्ज जितेंद्र कुर्रे एवं साथियों द्वारा दिया गया।



### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ अग्निशामक यंत्रों के संचालन का प्रशिक्षण

**कसडोल।** कलेक्टर दीपक सोनी ने विभिन्न विभागों में अग्निशामक यन्त्रों के संचालन बाबत प्रशिक्षण कार्यशाला रखने के निर्देश पूर्व में दिए थे, जिस पर अमल करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में सीएचसी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों के स्टाफ हेतु प्रशिक्षण आयोजित हुआ, जिसमें हेल्थ स्टाफ सम्मिलित हुए।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार उक्त प्रशिक्षण में आग के प्रकार, एवं उनको बुझाने की विधि, अग्निशामक यंत्र कितने प्रकार के होते हैं एवं कौन सी आग में कौन सा अग्निशामक यन्त्र का उपयोग करना है। इसकी जानकारी देते हुए इसके प्रयोग के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी रविशंकर अजगल्ले ने बताया कि यदि अस्पताल में अग्नि दुर्घटना हो गई तो ऐसी आपातकालीन स्थिति में एनबीसीयू, ऑपरेशन थिएटर, एनआरसी, वार्ड नवजात शिशुओं तथा मरीजों का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर लाना है यह भी बताया गया। प्रशिक्षण में अस्पताल में स्थापित फायर उपकरण जैसे, हाईड्रेंट, हाजरील, हाज बाक्स, शार्ट ब्रांच के प्रयोग के बारे में बताते हुए डेमो देकर अभ्यास भी कराया गया। अग्निशामक यंत्र के संचालन हेतु उक्त प्रशिक्षण अग्निशमन कार्यालय के फायर कर्मचारीरियों-स्टेशन इंचार्ज जितेंद्र कुर्रे एवं साथियों दिया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल से विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक मनोज मिश्रा, डॉ. सुप्रीत, हेमंत सिन्हा, आशानंद साहू, अंजलि मिश्रा, विशाखा वर्मा, सुषमा दुबे, जीवन कैवर्त्तया, कमल साहू, नरेंद्र पटेल, राजेश देवांगन, राजेंद्र देवांगन, हीरालाल साहू सहित समस्त स्टाफ जिसमें डॉक्टर, स्टाफ नर्स, आरएचओसीएचओ, वार्ड बॉय, ओटी टेक्नीशियन, सिक्योरिटी गार्ड और अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।






## कॉलेज के छात्रों ने किया लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज एवं विभागाध्यक्ष डॉ. प्रीति सोनी के मार्गदर्शन में रसायनशास्त्र विभाग में अध्ययनरत एमएससी तृतीय सेमेस्टर रसायनशास्त्र के विद्यार्थियों को लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग भाटापारा का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। उक्त भ्रमण अनुविभागीय अधिकारी केएल देवांगन की अनुमति एवं सीनियर केमिस्ट टिकेश्वर यादव एवं लैब तकनीशियन महेश कुमार के सहयोग से उपयोगी उपकरणों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उक्त शैक्षणिक भ्रमण से महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के ज्ञान में वृध्दि के साथ ही प्रायोगिक उपकरणों के संचालन को सूक्ष्म रूप से जान पायें। भ्रमण में राजू बरेठ, पूर्णिमा चंदेल, रूपाली साव सहित एमएससी तृतीय सेमेस्टर रसायनशास्त्र के छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।



आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को बलौदाबाजार भाटापारा जिले में सर्वे कार्य हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468
बाहर के अभ्यार्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय
भाटापारा रोड बस स्टैण्ड, बलौदाबाजार

## भागवत कथा का श्रवण करने पहुंचीं विधायक कविता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

विधानसभा के अंतर्गत वनांचल के ग्राम सोनाखान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में विधायक कविता प्राण लहरे शामिल हुई और क्षेत्र के समृद्धि एवं खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। ग्राम सोनाखान में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा जारी है।

इसके पूर्व बाबा गुरु घासीदास जयंती पर विधायक कविता ने बाबा गुरु घासीदास की जन्मस्थली, कर्म भूमि, तपोभूमि की पूजा अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगते हुए माथा टेका। शहीद वीर नारायण सिंह की पावन भूमि सोनाखान में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा पंडाल पहुंचकर, व्यास पीठ पर आसीन अयोध्या निवासी साध्वी राधिका किशोरी से आशीर्वाद लिया। साथ ही साथ भगवान श्रीकृष्ण से संपूर्ण बिलाईगढ़ विधानसभावासियों के मंगल कामना के लिए प्रार्थना की।

इस संपूर्ण कार्यक्रम में विधायक के साथ मुरलीधर मिश्रा, जान मोहम्मद खान, दीपक टंडन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़, नोबल डहरिया, इतवारी साहू, गोपी साहू, रामकुमार, रामसाय यादव, सरकार वर्मा के साथ सैकड़ों आमजन कार्यकर्ता उपस्थित थे।





रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)